Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to reopen Hathua sugar mill, Mirganj in Gopalganj Parliamentary Constituency, Bihar.

श्री जनक राम(गोपालगंज)ः मेरे संसदीय क्षेत्र गोपालगंज में बंद पड़ा हुई (हथुआ) मीरगंज चीनी मिल के जीर्णोद्धार एवं चालू करने के मुद्दे को मैं सदन एवं सरकार के समक्ष रखना चाहता हूँ। गोपालगंज जिला कृषि प्रधान जिलों में से एक है। यहाँ गन्ने की खेती बड़े पैमाने पर की जाती है किसानों के आय का मुख्य आधार गन्ना ही है। लेकिन जिले के दूसरे बड़े नगर मीरगंज (हथुआ) में चीनी मिल वर्षों से बंद पड़ी हुई है। चीनी मिल के बंद होने से जहां एक तरफ हजारों कर्मचारी बेरोजगार हो गए और उनके परिवार के सामने संकट छाया हुआ है। वहीं दूसरी तरफ इस इलाके के किसान अपने गन्ने की फसल को लेकर परेशान रहते हैं। उन्होंने अपना गन्ना पड़ोसी राज्य यूपी प्रदेश के चीनी मिल में भेजना पड़ता है। जबकि काफी संख्या में लोग गन्ने की खेती छोड़ने पर मजबूर हो रहे है। बंद पड़े हथुआ चीनी मिल के चालू इने से इस क्षेत्र से आर्थिक संकट दूर किया जा सकता है और भारी संख्या में पलायन को रोका जा सकता है इससे बेरोजगारों को रोजगार का अवसर मिलेगा। मैं आदरणीय प्रधानमंत्री जी से आग्रह करता हूँ कि जल्द से जल्द हथुआ चीनी मिल को चालू कराने एवं मजदूरों को बकाया मजदूरी राज्य सरकार से दिलवाने की कृपा करें।